<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

इरेडा के सीएमडी ने 62वें राष्ट्रीय सम्मेलन में सीएमए नेतृत्व की सराहना की

भुवनेश्वर, 23 मई, 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने आज ओडिशा के भुवनेश्वर में एसओए विश्वविद्यालय में भारतीय लागत लेखाकार संस्थान (आईसीएमएआई) द्वारा आयोजित 62वें राष्ट्रीय लागत और प्रबंधन लेखाकार सम्मेलन को संबोधित किया।

इस कार्यक्रम में ओडिशा के माननीय राज्यपाल, डॉ. कंभमपति हरि बाबू ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और सतत विकास और अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में इरेडा के उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। उन्होंने स्टॉक एक्सचेंजों में इरेडा की ऐतिहासिक लिस्टिंग की भी सराहना की, जिसने भारत की हरित वित्तपोषण की यात्रा में एक नया अध्याय जोड़ा।

इस उद्‌घाटन सत्र में अपना प्रमुख संदेश देते हुए, श्री दास ने वैश्विक स्तर पर सीएमए के बढ़ते नेतृत्व के बारे में बात की, उन्होंने कहा कि उभरते बाजारों में बढ़ती मांग सहित 50% से अधिक फॉर्च्यून 500 कंपनियों द्वारा सीएमए विशेषज्ञता का लाभ उठाया जाता है। उन्होंने कहा कि आज सीएमए पारंपरिक लागत रिपोर्टिंग से और आगे बढ़कर रणनीतिक वित्तीय सलाहकार, क्रॉस-फ़ंक्शनल इनेबलर्स और एंटरप्राइज़ वैल्यू पार्टनर के रूप में अहम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इरेडा की परिचालन उत्कृष्टता पर प्रकाश डालते हुए, श्री दास ने बताया कि किस तरह संगठन ने पूर्ण डिजिटल परिवर्तन को अपनाया है, तथा पिछले 5 वर्षों में कम कार्यबल के साथ अपनी ऋण बुक में 3.5 गुना वृद्धि प्राप्त की है। उन्होंने इस तरह के कॉर्पोरेट बदलाव, सुशासन और सतत विकास को आगे बढ़ाने में सीएमए की बढ़ती भूमिका के बारे में भी रेखांकित किया।